आगे-आगे हनुमान पीछे चले रघुराई आकर्षक झांकियोंने शोभा बढ़ायी



श्री दारागंज रामलीला कमेटी के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र की सप्तमी पर शनिवार रात पूरी भव्यता के साथ प्राचीन हनुमान दल निकला।

भव्यताके साथ निकला दारागंजका प्राचीन हनुमान दल

आगे-आगे हनुमान और पीछे भगवान राम लक्ष्मण एवं अन्य साथ चल रहे थे। जिनके दर्शन से दारागंजवासी धन्य हो गये। सर्वप्रथम बक्शी त्रिमुहानी स्थित पंडित सत्यनारायण पाठक के आवास पर भगवान का पूजन अर्चन करने के पश्चात कमेटी के अध्यक्ष कुल्लू यादव, महामंत्री जितेंद्र गौड़ ने पूजन अर्चन कर हनुमान दल की शुरूआत की। ध्वजा पताकों के साथ दल के आगे ११फीट की हनुमान जी की प्रतिमा दल की अगुवाई की। उसके पीछे गणेश जी की दस फीट की प्रतिमा और हाथी, घोड़ा, ऊंट, डीजे, बैंड पार्टी बारात की शोभा बढ़ा रही थी। उसके पीछे लगभग एक दर्जन विभिन्न धार्मिक प्रसंग पर आकर्षक एवं कलात्मक झांकियां अपना प्रदर्शन करते हुए चल रही थी। दल बक्शी त्रिमुहानी से आगे बड़ी कोठी होते हुए मध्य दारागंज पंडित धर्मराज पाण्डेय चौराहे पर पहुंची। वहां नगर निगम जोन चार की अध्यक्ष अनुपमा पाण्डेय, प्रयागराज सेवा समिति के अध्यक्ष तीर्थराज पाण्डेय बच्चा भैया, अशोक चौरसिया और संस्था के सदस्यों के साथ पांच दिन लगातार मां काली का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाल पात्र सचिन शुक्ला, नमन पाण्डेय, अखिल पाण्डेय, आदित्य मिश्रा एवं सनी पाण्डेय को अंग वस्त्रम, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उसके पश्चात दल वेणी माधव मंदिर, निराला चौराहा से जीटी रोड, फोर्ट रोड चौराहा से वापस मीरा गली, नागारखाना से डा. प्रभात शास्त्री मार्ग से बख्शी पुलिस चौकी पर समाप्त हुआ। दल मार्ग पर गंगा भवन रोशनी कमेटी, निराला रोशनी मंडल, वेणी माधव रोशनी कमेटी की ओर से आकर्षक विद्युत सजावट भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। कई स्थान पर लाउडस्पीकर का जगह-जगह पर कंपटीशन हुआ और मंच के माध्यम से विभिन्न कमेटियों ने हनुमान दल में सम्मिलित लोगों का स्वागत अभिनंदन किया। हनुमान दल में महापौर, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, पंडित ध्रुव नारायण शुक्ला, कृष्ण कुमार चौरसिया, मधु चकाहा, राजेंद्र पालीवाल, ओम प्रकाश चौधरी, अनामिका चौधरी, मुन्ना आजाद, अरविंद पाण्डेय, राजू, राहुल यादव, हीरालाल यादव, विजय सोनकर, पचु यादव, विक्कू निषाद, पूर्व पार्षद राजेश निषाद, रंजू निषाद, संजय पाठक, सुरेंद्र गौड़, राजा मिश्रा, विकास मिश्रा, झब्बू पाल, रामजी पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



दारागंजमें रंग-बिरंगी लाइटोंका आनन्द लेते लोग।

सतीश चन्द्र हत्याकांड : फरार आरोपितोंकी तलाशमें दबिश

कर्नलगंज स्थित काटजू बाग कालोनी में जमीन के विवाद में अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने शनिवार को नामजद आरोपितों की तलाश मे कई संभावित जगहों पर दबिश दी। सूत्रों की माने तो पुलिस ने कुछ संदिग्धों को उठाया है। हालांकि पुलिस किसी को उठाने की बात से इंकार कर रही है।

कर्नलगंज के काटजू बाग कालोनी निवासी ५२ वर्षीय सतीश चंद्र श्रीवास्तव अधिवक्ता थे। एक जमीन को लेकर उनका विवाद घर के सामने रहने वाले अपर शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र नाथ मिश्रा से चल रहा था। गुरुवार को देवेंद्र नाथ मिश्रा कई लोगों के साथ विवादित जमीन पर पहुंचे और वहां दरवाजे पर सतीश चंद्र श्रीवास्तव द्वारा लगाए गए ताले को तोड़ दिया था। उसी समय सतीश चंद्र श्रीवास्तव और उनके घरवाले पहुंचे तो मारपीट हो गई थी। इसी बीच देवेंद्र नाथ मिश्रा ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर सतीश चंद्र श्रीवास्तव की हत्या कर दी थी।

मृतक की पत्नी वर्षा श्रीवास्तव की तहरीर पर देवेंद्र नाथ मिश्रा उर्फ झून्ने, उसके पुत्र नृपेंद्र नाथ मिश्रा उर्फ बच्चू, अमरेंद्र नाथ मिश्रा उर्फ अनुपम, पत्नी शैल मिश्रा को नामजद करते हुए दस अज्ञात के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। शुक्रवार सुबह पुलिस ने देवेंद्र नाथ मिश्रा और नृपेंद्र नाथ मिश्रा को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद की थी।

पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में कई संभावित जगहों पर दबिश दी है। कर्नलगंज पुलिस का कहना है कि फरार आरोपितों की तलाश में टीमें लगी हैं और जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

नामजद आरोपितका मोबाइल बंद, कुछ संदिग्धोंको पुलिसने उठाया

घटनाका एक और वीडियो आया सामने

अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव की हत्या के बाद एक के बाद एक वीडियो सामने आ रहा है। शनिवार को एक और वीडियो सामने आया। वीडियो तेजी से सोशलमीडिया पर वायरल हो रहा है।

इस वीडियो में एक युवक हाथ में रिवाल्वर लिए नजर आता है। बगल में देवेंद्र नाथ मिश्रा मौजूद रहते हैं। वह उसका एक हाथ पकड़ते नजर आते हैं। रिवाल्वर लिए युवक कौन है, यह अभी साफ नहीं हो सका है। इसके एक दिन पहले भी मारपीट का वीडियो सोशलमीडिया पर वायरल हुआ था।

कारमें रखा लैपटाप चोरी

जार्जटाउन चौराहे के पास खड़ी कार से चोर लैपटाप बैग चोरी कर ले गए। पीड़ित जितेंद्र शर्मा ने जार्जटाउन थाने में एफआईआर दर्ज करायी है। जार्जटाउन निवासी जितेंद्र शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि १४ अक्टूबर को वह मीरजापुर में डीलर मीटिंग के बाद कार से प्रयागराज लौट रहे थे। जार्जटाउन चौराहे के पास यादव पनीर स्टाल पर पनीर खरीदने के लिए रुके। कार खड़ी कर वह पनीर लेने चले गए। कुछ देर बाद वापस लौटे तो कार से लैपटॉप बैग गायब था। बैग में कंपनी का एचपी लैपटॉप, चार्जर, कार के आरटीओ दस्तावेज और निजी डायरी रखी थी। लैपटॉपमें कंपनी का महत्वपूर्ण और गोपनीय डेटा था। इसके चोरी होने से उन्हें व्यक्तिगत और कार्यालय संबंधी नुकसान होने की आशंका है।

करेलीमें कारसे कुचलकर सात वर्षीय बच्चीकी मौत

जीटीबी नगरमें कार बैक करते समय हुआ हादसा, घरके बाहर खेल रही थी उमैरा

करेली थाना क्षेत्र के जीटीबी नगर में शनिवार शाम घर के पास खेल रही सात वर्षीय एक बच्ची की कार से कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा कार बैक करते समय हुआ। गंभीर हालत में बच्ची को अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे के बाद चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। हालांकि बाद में पकड़ लिया गया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

मूल रूप से झारखंड का रहने वाला नदीम शेख परिवार के साथ जीटीबी नगर स्थित पुरानी पानी की टंकी नाले के पास झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में रहता है। वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। उसकी सात वर्षीय बेटी उमैरा खातून शाम करीब छह बजे घर के पास खेल रही थी।



हत उमैराकी फाइल फोटो।

इसी दौरान पास के ही मकान में रहने वाला एक युवक कार लेकर कहीं जाने के लिए घर से निकला। वह कार बैक कर रहा था तभी मासूम उमैरा उसकी चपेट में आ गई। टक्कर लगने से पहले वह जमीन पर गिरी, फिर पहिए के नीचे आने से कुचल गई। हादसा होते देख लोगों ने शोर मचाया तो कार चला रहा युवक गाड़ी छोड़कर भाग गया। परिजनों और स्थानीय लोगों ने उमैरा को पहिए के नीचे से निकाला और पास स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से हालत गंभीर होने के कारण उसे एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उमैरा को लेकर जब तक एसआरएन अस्पताल पहुंचे, उसकी सांस थम चुकी थी। जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक एक भाई आहत की इकलौती बहन थी। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने कार सहित चालक को हिरासत में ले लिया है। करेली थाना प्रभारी सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि हादसे में एक बच्ची की मौत हो गयी है। आगे की काररवाई की जा रही है।

फर्जी बरामदगीके आरोपोंकी जांच करेंगे पुलिस आयुक्त, रिमांड अर्जी खारिज

(विधि संवाददाता)

जिला न्यायालय की विशेष एनडीपीएस अदालत ने मादक पदार्थ बरामदगी के मामले में पुलिस पर फर्जी बरामदगी और गोली मारने की धमकी देने के आरोपों की जांच का आदेश दिया है।

अदालत ने आरोपितों की १४ दिन की रिमांड अर्जी खारिज करते हुए ५०-५० हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहा करने का निर्देश दिया।

अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट रजनीश कुमार मिश्र ने १५ अक्टूबर को यह आदेश दिया। मामला नैनी थाने में दर्ज मुकदमा संख्या ५४३/२०२६ से संबंधित है। इसमें विपिन कुमार पाठक और आकाश सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आयुध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी।बचाव पक्ष ने आरोप लगाया कि पुलिस ने रुपये हड़पने की नीयत से फर्जी बरामदगी दिखाई और आरोपितों को पैर में गोली मारने की धमकी देते हुए फर्जी वीडियो तैयार किए। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से मादक पदार्थ, नकदी, हथियार और मोबाइल फोन बरामद करने का दावा किया था।

अदालत ने केस डायरी और बरामदगी संबंधी दस्तावेजों का अवलोकन किया। आदेश में बरामदगी की प्रक्रिया और एनडीपीएस अधिनियम की धारा ५० के अनुपालन पर सवाल उठाए गए। अदालत ने पुलिस पर लगे आरोपों को गंभीर बताते हुए पुलिस आयुक्त को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। साथ ही घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज को भी जांच में शामिल करने का आदेश दिया है।

युवककी हत्याके दोषीको उम्र कैद

(विधि संवाददाता)

साल २०२३ में शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में हुई युवक की हत्या में आरोपित गंगा प्रसाद उर्फ गजेंद्र आदिवासी निवासी दुबहा थाना लालापुर को दोषी पाते हुए सत्र न्यायालय ने उम्र कैद और ४०,००० अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश जयेंद्र कुमार ने अभियोजन की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार मिश्रा एवं आरोपित के अधिवक्ता को सुनने एवं पत्रावली पर मौजूद सबूतो के आधार पर शनिवार को सुनाया ।अभियोजन मामले के अनुसार वादी मुकदमा गजराज प्रसाद यादव ने शंकरगढ़ थाने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आरोप लगाया था कि आरोपित गंगा आदिवासी ने उसके पुत्र सोनकरन उम्र २३ वर्ष की धारदार हथियार से ४ मार्च २०२३ की रात में हत्या कर दिया। आरोपित की पत्नी मृतक के साथ रहती थी।

शत्रु संपत्तिके फर्जी दस्तावेज बनाकर कब्जा करने वाला अशरफ गिरफ्तार

माफिया अतीक अहमद के करीबी रहे हिस्ट्रीशीटर मो. अशरफ सिद्दीकी उर्फ अशरफ को एसआइटी ने गिरफ्तार कर लिया। वह सरकारी कुर्क संपत्ति और शत्रु संपत्ति के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीनों पर कब्जा करने के आरोप में वर्ष २०२३ से वांछित था। पुलिस ने शनिवार को उसे मोहिनी चौराहे से रहिमाबाद जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया। हरवारा निवासी अशरफ के खिलाफ एयरपोर्ट थाने में धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचित दस्तावेजों के इस्तेमाल और आपराधिक साजिश के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, उस पर सरकारी कुर्क संपत्ति और शत्रु संपत्ति के फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीनों पर अवैध कब्जा करने का आरोप है। अशरफ के खिलाफ राजू पाल हत्याकांड के गवाहों के अपहरण के मामले में भी प्राथमिकी दर्ज है। पुलिस के मुताबिक, उसके खिलाफ प्रयागराज के धूमनगंज, कर्नलगंज और एयरपोर्ट थानों के साथ ही कौशांबी के पिपरी थाने में कुल १७ मुकदमे दर्ज हैं।

कृत्रिम हाथीपर सवार होकर प्रभु श्रीराम-लक्ष्मणने दिये दर्शन

दिव्यताके साथ निकला मधवापुर-बैरहनाका रामदल

श्री रामलीला कमेटी मधवापुर बैरहना का भव्य राम दल शनिवार रात पूरी दिव्यता के साथ निकला। कृत्रिम हाथी पर सवार होकर निकले प्रभु श्रीराम एवं लक्ष्मण ने भक्तों को दर्शन दिया। इस दौरान कलात्मक एवं आकर्षण झांकियों को देख खासकर बच्चे हर्षित हो उठे।

रामदल निंबार्क आश्रम से प्रारंभ होकर अपने निर्धारित मार्ग बैरहना चौराहा, काल भैरव मंदिर, मधवापुर सब्जी मंडी से सिमेट्री रोड बैरहना मुख्य मार्ग से होता हुआ बैरहना चौराहे पर समाप्त हुआ। रामदल कमेटी के मुख्य संरक्षक एवं पूर्व पार्षद शिवेंद्र मिश्रा ने बताया कि राम दल प्रारंभ होने के पूर्व मर्यादा पुरुषोत्तम राम-लक्ष्मण, माता जानकी एवं राम भक्त हनुमान जी की विधि विधान के साथ कमेटी के अध्यक्ष राम जी अग्रहरिके आवास पर उनकी पूजा अर्चना एवं आरती महापौर, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई की। भगवान के साथ राम दल में ११ झांकियां अपने पूर्ण सज धज के साथ निकली। रामदल के संपूर्ण मार्ग पर अति सुंदर लाइटें और लाउडस्पीकर स्थानीय नागरिकों का मन मोह रही थी। इस मौके पर कमेटी के महामंत्री राजू चौरसिया कोषाध्यक्ष रत्नेश यादव मुख्य संयोजक दिनेश गुप्ता , संरक्षक अजय कुमार बंसल, अमन साहू उपाध्यक्ष बबली साहू, कृष्ण कुमार पाठक सोनू, आकाश सोनकर,मुकेश लारा, आशु पंडित, पार्षद सोनू गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



बैरहनामें भगवान राम,लक्ष्मण एवं सीता का पूजन करते कमेटीके पदाधिकारी

मौनी अमावस्या, माघ मेला २६ की घटनासे संबंधित सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखनेका आदेश

(विधि संवाददाता)

मौनी अमावस्या १८ जनवरी २०२६ को माघ मेला प्रयागराज में श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति यात्रा के दौरान हुई कथित घटना के संबंध में अपर सत्र न्यायाधीश जयेंद्र कुमार प्रयागराज ने दांडिक पुनरीक्षण संख्या १८४/२०२६ में सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने संबंधी प्रार्थना-पत्र स्वीकार करते हुए उपलब्ध फुटेज सुरक्षित रखने तथा न्यायालय द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करने का आदेश पारित किया है।

उल्लेखनीय है कि माघ मेला में हुई घटना के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए आशुतोष ब्रह्मचारी ने अदालत में अर्जी दाखिल किया था। मजिस्ट्रेट अदालत में उसे परिवाद के तहत पंजीकृत करने का आदेश दिया था। उस आदेश के खिलाफ निगरानी सत्र न्यायालय में दाखिल की गई है।

पाइपके नीचे दबकर किशोरकी मौत

कोरांव थाना क्षेत्र के पूरा मुनई गांव में शनिवार शाम जल निगम की पाइप के नीचे दबकर १४ वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। वहीं, गांव में मातम पसरा रहा।

पूरा मुनई गांव निवासी अमर बहादुर आदिवासी का पुत्र पवन आदिवासी शनिवार शाम घर से करीब २०० मीटर दूर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। वह जल निगम की ओर से रखी गई पाइप पर बैठा था। इसी दौरान अचानक पाइप उसके ऊपर गिर गई। उसके नीचे दबने से पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्वजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोरांव ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पवन दो भाइयों में छोटा था। किशोर की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

कार्यकारिणी सदस्योंकी मतगणनामें सौरभ सबसे आगे

हाईकोर्ट बार चुनाव : प्रवीण तिवारी दूसरे और देवाशीष तीसरे स्थान पर

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य (पुरुष) के की मतगणना में शनिवार को भी सौरभ शुक्ला ४१९ मतों के साथ सबसे आगे रहे। आचार्य प्रवीण तिवारी (३९५) दूसरे और देवाशीष त्रिपाठी (३६२) तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। महानवमी एवं विजय दशमी के उपलक्ष्य में मतगणना २१ अक्तूबर तक स्थगित रहेगी। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के वार्षिक चुनाव २०२६-२७ की मतगणना में शनिवार को लाइब्रेरी हाल में कार्यकारिणी सदस्य (पुरुष) के १० पदों के २६९७ मतपत्रों की गणना हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद फरमान अहमद नकवी ने बताया कि मतगणना में अब तक प्रत्याशी सौरभ शुक्ला को ४१९,आचार्य प्रवीण तिवारी को ३९५, देवाशीष त्रिपाठी को ३६२,कृष्ण मोहन सिंह को ३४७,आदित्य सिंह को ३२८, अभिषेक तिवारी को ३२१, अंकुश यादव को ३१७, जफर अलीको ३१५,अफजल अली ३०५,अखिलेश शुक्ला को ३०५, अमित सिंह बिसेन को ३०४,कुलदीप त्रिपाठी ३०३,चित्रांशु श्रीवास्तव को ३०२,मोहित कुमार तिवारी को २९५,विनय कुमार साहू २८८, सचिन शर्मा २८०, जयदीप पाण्डेय को २७० मत मिले। कार्यकारिणी सदस्य के लिए कुल १०० प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। मतगणना के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी सैय्यद फरमान अहमद नकवी, चुनाव अधिकारी वशिष्ठ तिवारी, जेबी सिंह, अनुभव शुक्ला सहित अधिवक्ता विक्रम बहादुर सिंह,अरूण कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, दीपक यादव आदि मौजूद रहे। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि महानवमी एवं विजय दशमी के उपलक्ष्य में मतगणना १८ से २१ अक्तूबर तक स्थगित रहेगी। २२ अक्तूबर को अपने निर्धारित समयानुसार लाइब्रेरी हाल में मतगणना होगी।

एआरटीओ ने चार निलंबित सिपाहियोंपर दर्ज करायी एफआईआर

सरकारी कार्यमें बाधा एवं अभद्रताका आरोप मुकदमेकी पैरवी बंद करनेकी धमकी

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन दल प्रथम आनंद प्रताप राव को घेरने के साथ ही अभद्रता व धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप विभाग के चार निलंबित सिपाहियों पर लगा है। आरोप है कि एआरटीओ के परिवार को लखनऊ से उठाने तक की धमकी दी गयी। कर्नलगंज पुलिस चार निलंबित सिपाहियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है। एआरटीओ आनंद प्रताप राव ने कर्नलगंज थाने में दी तहरीर में बताया कि वह १६ अक्टूबर की शाम करीब चार बजे एलनगंज स्थित अपने सहकर्मी प्रवर्तन अधिकारी राजीव कुमार के आवास पर गए थे। विभागीय चर्चा के बाद वह ड्यूटी पर जाने के लिए बाहर निकलकर जैसे ही अपने वाहन में बैठे निलंबित प्रवर्तन सिपाही पंकज सिंह, अनिल प्रताप सिंह, पर्यवेक्षक शीतला प्रसाद यादव व चालक जनार्दन शर्मा ने घेर लिया। अभद्र व्यवहार करते हुए अपशब्द बोले चारों ने कहा कि तुमने ही निलंबित करवाया है। तुम मुकदमे की पैरवी कर रहे हो। आरोप है कि इसी दौरान पंकज सिंह ने वाहन के शीशे में लात मारते हुए धमकाया कि तुम्हारा परिवार लखनऊ में रहता है।परिवार को घर से उठवा लेंगे। हमारी पहुंच बड़े-बड़े नेताओं से है। आज के बाद जब भी चेकिंग के लिए निकलना तो यह सोचा लेना कि घर लौटकर नहीं पहुंचोगे। अपनी जान की सलामती चाहते हो तो मुकदमे की पैरवी बंद कर दो। एफआईआर के मुताबिक एआरटीओ ने पुलिस को बताया कि चारों अत्यंत मनबढ़ हैं। इनकी अनुशासनहीनता, अवैध वसूली, भ्रष्टाचार की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए पिछले दिनों परिवहन आयुक्त ने इन सभी को निलंबित किया था।

इन चारों के पास ट्रकों से अवैध वसूली और भ्रष्टाचार से कमाई हुई अकूत संपत्ति है, जो होटल, ढाबा व दो नंबर की प्रापर्टी में लगी है। उसी अवैध धन की आर्थिक मजबूती से ही इनका मनोबल इतना मजबूत है। कर्नलगंज थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर पंकज सिंह, अनिल प्रताप सिंह, शीतला प्रसाद यादव व जनार्दन शर्मा के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने, घेरकर धमकी देने, अभद्रता करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसटीएफ ने ५० हजारके इनामी गोतस्करको पकड़ा

गोतस्करी में वांछित ५० हजार रुपये के इनामी आरोपित को एसटीएफ ने गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित थाना कोरांव में पंजीकृत उप्र गोवध निवारण अधिनियम, ११ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, ३२५ बीएनएस व ४/२५ शस्त्र अधिनियम में वांछित था। उस पर ५० हजार का पुरस्कार घोषित था। मुखबिर की सूचना पर अभयखंड पुलिस चौकी के पास, इंदिरापुरम से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना कोरांव में गोवंशो से लदा ट्रक पकड़ा गया था, जिसका वह चालक था और तभी से फरार चल रहा था। दिल्ली एनसीआर में स्थान बदल-बदल कर रह रहा था। पीलीभीत, बरेली, अयोध्या, चंदौली समेत कई जनपदों में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने के बाद एसटीएफ ने आरोपित को कोरांव पुलिस को सुपुर्द किया। हालांकि प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने आरोपित का नाम बताने से इन्कार कर दिया। उनका कहना है कि अभी पूछताछ की जा रही है।

सिविल लाइंसमें मृत मिला बुजुर्ग

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित हाईकोर्ट आम्बेडकर मूर्ति चौराहा के पास शनिवार को एक बजुर्ग मृत पाया गया।चौकी प्रभारी धरना स्थल मयंकधर द्विवेदी ने बताया कि हाईकोर्ट आम्बेडकर मूर्ति चौराहा के पास शनिवार को एक व्यक्ति का शव पाया गया है उसकी उम्र लगभग ६९ वर्ष के लगभग आंकी गयी है। मृतक के सफेद बाल व सफेद डाढी मोछ हैं। मृतक की पहचान कराने की कोशिश की गयी लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

आरटीओ प्रवर्तन : चालानके साथ सुधारपर भी जोर

परिवहन विभाग ने जिलों के प्रवर्तन विंग को सड़क पर और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं। विभाग का मोटो इफेक्टिव एंड रिफ्लेक्टिव एनफोर्समेंट' (प्रभावी और दिखने वाला प्रवर्तन) तय किया गया है। जिसके तहत चालान काटने के साथ-साथ वाहन चालकों में सुधार लाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) ने वर्तमान में विभाग का फोकस केवल दंडात्मक काररवाई करना नहीं, बल्कि सुधारात्मक रुख अपनाना भी है जोर दिया है।

परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमों के अनुसार सख्ती से चेकिंग तो करें, लेकिन साथ ही ३० से ३५ प्रतिशत ध्यान चालकों की काउंसलिंग पर भी दें। जिस व्यक्ति का चालान काटा जा रहा है, उसे उसकी गलती का एहसास कराया जाएगा ताकि वह बाध्यकारी रूप से नहीं, बल्कि स्वेच्छा से नियमों का पालन करे।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार, एक्सप्रेसवे और हाईवे पर होने वाली ७० से ८० प्रतिशत दुर्घटनाएं ओवर-स्पीडिंग(तय गति से तेज वाहन चलाना) के कारण होती हैं। इसे रोकने के लिए विभाग ओवर-स्पीडिंग, ड्रंकन ड्राइविंग (शराब पीकर गाड़ी चलाना) और नींद की हालत में गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कड़ा अभियान चला रहा है। यदि कोई चालक नींद में है, तो उसे गाड़ी किनारे लगाकर आराम करने की सलाह दी जा रही है ताकि अन्य यात्रियों की जान जोखिम में न पड़े। इस नए वित्तीय वर्ष के शुरुआती महीनों में ही परिवहन विभाग ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर काररवाई की है।

आरटीओ प्रशासन हिमेश तिवारी का कहना है कि आवश्यकता इस बात कि है कि परिवहन विभाग सिर्फ दण्डात्मक काररवाई तक सीमित न रहे, बल्कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति वास्तविक जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना पैदा करें, ताकि सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

आज आयेंगे डिप्टी सीएम केशव मौर्य

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को प्रयागराज आ रहे हैं। वह दिन में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम को वापस लखनऊ लौट जायेंगे। भाजपा जिला मीडिया विभाग के विवेक मिश्रा के मुताबिक उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कल राजकीय वायुयान से दोपहर एक बजे बमरौली एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। वह दोपहर १.४५ बजे हेरिटेज रिसार्ट झूंसी में आयोजित कार्यक्रम मे भाग लेंगे। इसके बाद डिप्टी सीएम करछना के प्रयाग इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी बेंदों में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहां से लौटने के बाद डिप्टी सीएम श्री मौर्य सायं पांच बजे सरकिट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से संवाद एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वह ७.१० बजे बमरौली एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

काले हिरणोंकी पसंदीदा घास उगा रहा वन विभाग

नर्सरीमें उग रही दूरबा, सेवई, पत्थरचट, मोथा, तिनपतिया एवं लरमा घास संरक्षण केन्द्रमें मिलेगा भोजन-पानी, दूर तक नहीं भटकना पड़ेगा

विलुप्तप्राय वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में वन विभाग द्वारा पहल की जा रही है। यमुनापार तहसील मेजा के अंतर्गत आने वाले मौली कला और चांद खमरिया क्षेत्र में काले हिरणों के लिए विशेष हैबिटेट सेंटर विकसित किया जा रहा है। वन विभाग का प्रयास है कि यह परियोजना आगामी दिसंबर माह तक पूरी तरह तैयार हो जाए। खीरी थाना क्षेत्र के चांद खमरिया में १४६ हेक्टेयर जमीन में कृष्ण मृग क्षेत्र फैला हुआ है।

वन विभाग की टीम ने हिरणों के लिए पर्याप्त भोजन और पानी की व्यवस्था करने का काम वृहद पैमाने पर शुरू कर दिया है।

काले हिरणों को भोजन की तलाश में दूर न जाना पड़े, इसके लिए ४० हेक्टेयर जमीन में पसंदीदा प्रजातियों की घास का रोपण किया जा रहा है। वन विभाग की पौधशाला में दूरबा, सेवई, पत्थरचट, मोथा, तिनपतिया और लरमा जैसी घासों की नर्सरी तैयार की गई है। ये वही घासे हैं जिन्हें काले हिरण चाव से खाते हैं। इन घासों के बीजों को सीड-बेड पर तैयार कर मैदानों में रोपा जाएगा।



काटे जा रहे दुर्गंध पैदा करने वाले 'वनतुलसी' के पौधे

चांद खमरिया के कृष्ण मृग क्षेत्र में उगे वनतुलसी के पौधे हिरणों के लिए परेशानी बने हुए हैं। इनकी दुर्गंध के कारण काले हिरण क्षेत्र से दूर भाग रहे थे। इस समस्या को देखते हुए वन क्षेत्राधिकारी डीएनए पांडेय के नेतृत्व में वन विभाग की टीम अभियान चलाकर वनतुलसी के पौधों की कटाई करा रही हैबिटेट सेंटर में हिरणों के पीने के पानी के लिए वाटर होल (तालाब) और डैम का निर्माण कराया जा रहा है।

स्थानीय क्षेत्र में आवारा कुत्तों के आतंक को देखते हुए वन विभाग ने अभियान चलाकर अब तक आवारा कुत्तों को पकड़ रहा है। भोजन और पानी की पर्याप्त उपलब्धता से काले हिरण अब भटककर इंसानी आबादी या खेतों की ओर नहीं जाएंगे। स्थानीय स्तर पर रेंजर डीएन पाण्डेय ने बताया कि इस क्षेत्र में काले हिरणों की संख्या लगभग २०० से ३०० आंकी गई है। यह इलाका इनके प्राकृतिक आवास के लिए बेहद अनुकूल है। हालांकि, काले हिरणों के अत्यधिक शर्मीले और सतर्क स्वभाव के कारण यह लोगों से दूर ही रहता है।

युवाओंमें बढ़ रही दिलकी समस्याएं

प्रो.डा.पीयूष सक्सेना बताते है कि आजकल बदलती जीवनशैली (लाइफस्टाइल) के कारण युवाओं में भी दिल की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। पहले के समय में लोग शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहते थे। खेलकूद और आउटडोर गतिविधियों में समय बिताते थे। इसके विपरीत, आज की युवा पीढ़ी और बच्चों की जीवनशैली में काफी बदलाव आया है, जिसमें घंटों एक ही जगह बैठकर काम करना या स्क्रीन के सामने समय बिताना शामिल है। खानपान में तली-भुनी और जंक फूड की अधिकता भी इसका एक प्रमुख कारण है। डा.सक्सेना का कहना है कि सर्दी शुरू होने से पहले अपने चिकित्सक से अवश्य मिलें और यह जांच लें कि दवाओं में किसी बदलाव की आवश्यकता है या नहीं। तली हुई और गरिष्ठ चीजों का सेवन कम करें। एक ही बार में भरपेट खाने के बजाय थोड़े-थोड़े अंतराल पर कई बार भोजन करें। ठंड से पूरी तरह बचाव करें और पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें। सुबह टहलने जाते समय या धूप में निकलते समय विशेष सावधानी बरतें।

जाड़ेके मौसममें दिलके मरीज बरतें विशेष सावधानी- डा.पीयूष सक्सेना

सर्द मौसममें एसआरएन अस्पतालकी ओपीडीमें २० फीसदी बढ़ जाते हैं हृदय रोगी

सर्दियों के मौसम का आगाज हो गया है। दिन में हल्की गर्मी लेकिन रात में हल्की ठंड पड़ रही है। जिससे लोगों को अपने दिल का खास ख्याल रखना चाहिये। अमूमन जाड़ा शुरू होते ही लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कई तरह की समस्याएं बढ़ने लगती हैं। विशेषकर दिल और दिमाग की बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए यह मौसम काफी संवेदनशील होता है। इस संबंध में मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज के हृदय रोग विभागाध्यक्ष प्रो.डा.पीयूष सक्सेना का कहना है कि ठंड के कारण नसों के सिकुड़ने की समस्या बढ़ जाती है, जिससे लकवा (पैरालिसिस), हार्ट अटैक और एंजाइना जैसी दिल की तकलीफों का खतरा काफी अधिक बढ़ जाता है।



शरीर को गर्म रखने के लिए हृदय को खून का बहाव तेज करना पड़ता है। जिन लोगों का दिल पहले से कमजोर होता है, उन पर इसका अतिरिक्त दबाव पड़ता है। दिल की दीवारों पर प्रेशर बढ़ने के कारण कमजोर दिल वाले मरीजों में हार्ट फेल होने की संभावना भी बढ़ जाती है।

आपातकालीन दवाएं रखें साथ

हार्ट की समस्या से जूझ रहे लोगों को हमेशा अपनी आपातकालीन (इमरजेंसी) दवाओं को अपने साथ रखना चाहिये। यदि चलने पर सीने में दर्द महसूस हो, तो तुरंत रुक जाएं और आराम करें। स्थिति सामान्य होने पर ही धीमे-धीमे आगे बढ़ें। प्रो.डा.पीयूष सक्सेना ने बताया कि एसआरएन अस्पताल में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। वर्तमान समय में हृदय रोगों की जांच और इलाज के लिए उन्नत तकनीक उपलब्ध है। अस्पतालों में ईसीजी, टीएमटी, इको, होल्टर जैसी सभी प्रमुख जांचों के साथ-साथ एंजियोग्राफी, स्टंट डालने की प्रक्रिया, बैलून वाल्वुलोप्लास्टी और बिना चीर-फाड़ के हृदय के छेदों को बंद करने जैसी आधुनिक तकनीक और सुविधाएं उपलब्ध हैं।

सिविल सोसायटीका प्रदर्शन आज

सिविल सोसायटी प्रयागराज की ओर से रविवार को देश विरोधी गतिविधियों और अराजकता के खिलाफ प्रदर्शन किया जायेगा। यह प्रदर्शन हनुमान मंदिर सिविल लाइंस से अपरान्ह ३.३०बजे से शुरू होगा। समापन सुभाष चौराहे पर सायं ५.३० बजे होगा।